ओम् शान्ति 29-5-12 मधुबन

विश्व कल्याणकारी प्यारे अव्यक्त बापदादा के अति स्नेही, परमात्म प्रत्यक्षता की सेवाओं में तत्पर सर्व निमित्त टीचर्स बहिनें तथा ग्राम विकास प्रभाग से सलंग्न सभी सेवासाथी भाई बहिनें,

ईश्वरीय मधुर याद स्वीकार करना जी।

बाद समाचार - आप सबके सहयोग से ज्ञान सरोवर में दिनांक 25 मई से 29 मई 2012 तक ''स्वर्णिम युग की ओर बढ़ते कदम, शाश्वत यौगिक कृषि'' विषय परचर्चा एवं राजयोग रिट्रीट का कार्यक्रम बहुत सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें करीब 600 डेलीगेटस एवं सेवाधारी भाई बहिनों ने भाग लिया। इस परिचर्चा का उद्घाटन करने भारत सरकार के केन्द्रीय राज्य मन्त्री भ्राता प्रदीप जैन आदित्य जी खास चार्टर प्लेन से आबू रोड पधारे और 3-4 घण्टे के प्रवास में कार्यक्रम के उद्घाटन के साथ ज्ञान सरोवर और पाण्डव भवन का भी अवलोकन किया। आपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ऐसे उन्नत प्रयास को हम बहुत-बहुत सराहते हैं, यहाँ जो शाश्वत यौगिक कृषि परिचर्चा एवं रिट्रीट चल रही है इसमें पूरे देश विदेश का प्रतिनिधत्व है, इससे कृषि एवम् ग्रामीण विकास के कार्य में तीव्रता आयेगी। किसानों और युवाओं का चरित्र अच्छा बनेगा तो देश स्वत: आगे आयेगा। बिहार राज्य से पधारे गन्ना एवं जल संसाधन मंत्री भ्राता अवधेश प्रसाद कुशवाहा जी ने कहा कि यह भूमि परिवर्तन भूमि है, यहाँ परमात्मा की शक्ति का वास है, मैंने यहाँ आकरके स्व-परिवर्तन की दिशा में मन ही मन संकल्प किया है और व्यक्तिगत रूप से मुझे सम्पूर्ण जीवन के लिए पथ प्रदर्शन यहाँ से मिलता रहेगा। हम अपने विहार राज्य में ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ग्राम विकास प्रभाग की सेवाओं का सहयोग लेने की योजना बनायेंगे। आपने तीन दिन तक ज्ञान सरोवर परिसर में रहकर सभी राजयोग सत्रों का भी पूरा-पूरा लाभ लिया।

नैनीताल कुमाउन कृषि विश्व विद्यालय के वाइसचासलंर डॉ. वी.पी.एस. अरोरा ने कहा कि शाश्वत यौगिक कृषि पद्वति हमारी प्राचीन पद्वति है यह भारतीय कृषि पूरे विश्व का नया मार्ग प्रदर्शन करेगी। इससे फसल के साथ कृषक के जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। इस रिट्रीट में भारत के विभिन्न कृषि युनिवर्सिटीज़, कृषि विज्ञान केन्द्र (गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, यू.पी., एम.पी., उत्तराचंल आदि) से करीब 60 कृषि वैज्ञानिक तथा बहुत से कृषि अधिकारी, बैंक के कृषि एवम् ग्रामीण बैंक अधिकारी, नाबार्ड के जनरल मैनेजर आदि पधारे। तीन दिन के इस कार्यक्रम में राजयोग सत्रों के साथ भिन्न-भिन्न सेमीनार्स से सभी बहुत अच्छी प्रेरणायें लेकर गये। कार्यक्रम बहुत-बहुत सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के कुछ फोटोज़ आपके पास भेज रहे हैं। आपको यह भी खुशखबरी सुना रहे हैं कि इस वर्ष 17 नवम्बर से 21 नवम्बर 2012, तक शान्तिवन के विशाल प्रांगण में ''अखिल भारतीय सम्पूर्ण ग्राम विकास महासम्मेलन'' का आयोजन करने की परमीशन मिल गई है, सभी डेलीगेटस मनमोहिनी वन में रहेंगे और शान्तिवन के डायमण्ड हाल में कान्फ्रेंस चलेगी। इस सम्मेलन में आप ग्राम विकास व कृषि से सम्बन्धित अधिकारी, पदाधिकारी, नाबार्ड बैंक और अन्य बैंक के कृषि एवम ग्रामीण अधिकारी, सुगर मिल्स, दूधडेरी के डायरेक्टर, चेयरमैन, सरपंच, उपसरपंच तथा प्रगतिशील किसानों को विशेष निमन्त्रण है। आपके ज़ोन को निर्धारित संख्या तथा कार्यक्रम का फोल्डर आदि हम शीघ्र ही आपके पास भेज देंगे। आप पहले से ही उनकी रिजर्वेशन आदि करवा सकते हैं।